Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# JSSC
# Matric Level

## Previous Year Paper
## (Kakshpal)
## Prelims 2015

Teachingninja.in

QUESTION BOOKLET / प्रश्न पत्र पुस्तिका

Post: Kakshpal / कक्षपाल

Preliminary Examination - 2015

Question Booklet No:

182827

QP Code: 102A

Roll Number / अनुक्रमांक:

कृपया निम्न लिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ेः

1. अपना अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं प्रश्न पुस्तिका सीरीज़ को ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर सावधानी पूर्वक लिखें तथा उचित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करें। अपने अनुक्रमांक को प्रश्न पुस्तिका पर लिखें। ओ.एम.आर उत्तर पत्र पर सही अनुक्रमांक, प्रश्न पत्र पुस्तिका का क्रमांक, प्रश्न पुस्तिका सीरीज़ और अभ्यर्थी का हस्ताक्षर नही रहने पर आपकी ओ.एम.आर उत्तर शीट अमान्य समझी जायेगी और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

2. केन्द्राधीक्षक/ केन्द्र पर्यवेक्षक/ कक्ष वीक्षक द्वारा दिए निर्देश तथा प्रश्न पुस्तिका पर लिखे निर्देश का कड़ाई से पालन करें।

3. नोट्स, पुस्तक, कैलकुलेटर, सेल फोन, स्कैनिंग उपकरणों, पेजर इत्यादि को परीक्षा भवन में लाने की अनुमति नहीं है। कोई अभ्यर्थी इन निषिद्ध वस्तुओं का इस्तेमाल करते पाए जाएंगे या जिनके पास से ये चीजें बरामद होंगी, अथवा जो नकल करने या प्रतिरूपण या अन्य अनुचित व्यवहारों में लिप्त पाए जाएंगे, वे अयोग्य करार दिए जाएंगे तथा उन पर दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।


4. यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की है। इस प्रश्न पुसितका में कुल 100 प्रश्न हैं तथा उनके लिए कुल 120 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक मिलेंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.333 अंक की कटौती की जाएगी।

5. अभ्यर्थी इसकी जाँच कर ले कि प्रश्न पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिसके बहुविकल्पी उत्तर हैं। इसमें यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई पड़े तो आप तुरंत निरीक्षक को सूचित करें ताकि प्रश्न पुस्तिका बदला जा सके।

6. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार उत्तर हैं जिसमे एक सही है। आपको सही उत्तर को चुनकर ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर निशान लगाना है, प्रश्न पुस्तिका पर नहीं।

7. उपयुक्त गोले को पूरी तरह काला कर दें जिससे उस गोले के अंदर का अक्षर दिखाई न दे। प्रत्येक उत्तर के लिए केवल एक गोले को काला करें। ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर गोलों को काला करने का सही गलत तरीका नीचे के उदाहरण में दिया गया है।

सही तरीका    गलत तरीका



8. ओ.एम.आर उत्तर पत्रक पर बक्से भरने और गोलों को काला करने के लिए काली स्याही के बाल पोइंट कलम का प्रयोग करें। पेंसिल का उपयोग नहीं करें।

9. सीमित समय अवधि को ध्यान में रखते हुए, किसी ऐसे प्रश्न पर अपना समय बर्बाद मत करें जो आपको कठिन लगता है। प्रश्नों को एक - एक करके हल करते जाएँ और कठिन प्रश्नों पर अंत में वापस आएँ। यह एक सुझाव मात्र है।

10. ओ.एम.आर उत्तर पत्रक को मोड़ना/ मरोड़ना या उस पर अवांछित निशान लगाना या क्षति करना मना है। ऐसा करने पर उत्तर पत्रक निरस्त होने की जिम्मेवारी अभ्यर्थी की होगी।

11. प्रश्न पुस्तिका के अंत में रफ या कच्चा कार्य के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है।

12. अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने के उपरांत उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी एवं प्रश्न पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।



Teachingninja.in

1. पाकिस्तान के पश्चिम में कौन सा पठार है?

(A) बलूचिस्तान

(B) दक्कन

(C) थार

(D) K2

2. कौन से जल-प्रपात को गौतम धारा के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि माना जाता है कि भगवान बुद्ध ने वहां स्नान किया था?

(A) हुंदुरु जल-प्रपात

(B) जोन्हा जल-प्रपात

(C) दसम जल-प्रपात

(D) हिरनी जल-प्रपात

3. सरकार द्वारा झारखंड क्षेत्र स्वशासी परिषद कब बनाई गई?

(A) 1985

(B) 1995

(C) 1965

(D) 1955

4. पाकिस्तान और भारत के बीच एकमात्र खुला सीमांत प्रदेश कौन सा है?

(A) खुंजरब

(B) वाघा

(C) टैश्कुर्गन

(D) लाहौर

5. दो अंतरिक्ष संगठनों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए कौन से देश के अंतरिक्ष संगठनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की यात्रा की है?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) संयुक्त अरब अमीरात

(C) भूटान

(D) नेपाल

6. जून 3, 2015 को झारखंड कैबिनेट ने कौन से मामलों के शीघ्र ट्रायल के लिए झारखंड विशेष न्यायालयों को अनुमोदित किया?

(A) आतंकवाद

(B) भ्रष्टाचार

(C) डकैती

(D) ऋण

7. झारखंड सरकार ने फरवरी, 2015 को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) की सभी छात्रों को क्या प्रदान करने का निर्णय लिया?

(A) टेब्लेट

(B) साइकल

(C) डेस्कटॉप

(D) भोजन

8. भूटान की मुद्रा क्या है?

(A) नोंग्त्रुम

(B) येन

(C) रुपया

(D) रियाल

9. कौन सा देश "थंडर ड्रैगन की भूमि", द्रुक युल, के रूप में भी जाना जाता है?

(A) नेपाल

(B) बांग्लादेश

(C) भूटान

(D) चीन

10. झारखंड के पुरुषों की सबसे सामान्य पोशाक को क्या कहा जाता है जो कपड़े का एक ही टुकड़ा होता है?

(A) लुंगी

(B) धोती

(C) अचकन

(D) भागवान



Teachingninja.in

11. पाकिस्तान के साथ कौन-से देश ने लैण्डमार्क डिफेन्स सौदे पर हस्ताक्षर किया है जिसमें पाकिस्तान को चार हैलिकॉप्टरों की बिक्री शामिल है?

(A) रूस

(B) चीन

(C) भूटान

(D) भारत

12. भारत सरकार ने युक्तिसंगत गरीबी उपशमन योजना, SJSRY की शुरूआत की है, इसका पूर्ण रूप क्या है?

(A) सोशियल जयंती शहरी रोज़गार योजना

(B) स्वर्ण जयंती शहरी रोज़गार योजना

(C) स्वर्ण जयंती सार्वजनिक रोज़गार योजना

(D) स्वर्ण जयंती शहरी राहगीर योजना

13. मंगल ग्रह के लिए किए गए 51 मिशनों में से (MOM को छोड़कर) कितने सफल रहे हैं?

(A) 16

(B) 21

(C) 26

(D) 30

14. महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला आश्रम कहाँ स्थापित किया था?

(A) सूरत

(B) बड़ौदा

(C) अहमदाबाद

(D) गांधीनगर

15. भारत की महत्वाकांक्षी रु. 450 करोड़ का मिशन, अंतरिक्ष यान में सवार पांच वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से लाल ग्रह पर कौन सी गैस की उपस्थिति का पता लगाना चाहता है?

(A) ऑक्सीजन

(B) कार्बन डाइऑक्साइड

(C) मीथेन

(D) प्रोपेन

16. पाकिस्तान ने अपना पहला परमाणु परीक्षण कब किया था?

(A) 1872

(B) 1990

(C) 1998

(D) 2007

17. झारखंड की जेल में चेतन महाजन द्वारा लिखित पुस्तक का नाम क्या था?

(A) द बैड बॉइस ऑफ़ बोकारो जेल

(B) द बोरिंग बॉइस ऑफ़ बोकारो जेल

(C) द बिल्डिंग ब्लॉक्स ऑफ़ बोकारो जेल

(D) द बॉन्डेड बॉइस ऑफ़ बोकारो जेल

18. कौन सा शहर "झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी" के रूप में जाना जाता है?

(A) रांची

(B) देवघर

(C) पलामू

(D) धनबाद

19. निम्न में से कौन सा वन्यजीव अभ्यारण्य झारखंड में स्थित है?

(A) हज़ारीबाग वन्यजीव अभयारण्य

(B) कोलेरू वन्यजीव अभयारण्य

(C) कमलांग वन्यजीव अभयारण्य

(D) सोनाई रूपाई वन्यजीव अभयारण्य

20. ऊर्जा गंगा जगदीशपुर-हल्दिया पाइप्लाइन के निर्माण के लिए झारखंड ने निम्नलिखित में से किसके साथ GCA पर हस्ताक्षर किया है?

(A) गेल

(B) रिलायंस

(C) टाटा

(D) गेट्को



Teachingninja.in

21. कौन सा त्यौहार झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक मानी जाती है और वर्ष में दो बार अर्थात् मार्च और नवंबर के महीने में मनायी जाती है?
(A) दशहरा
(B) होली
(C) छठ
(D) दिवाली

22. नेपाल संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य कब बना?
(A) 2008
(B) 2009
(C) 2007
(D) 2006

23. नेपाल की राजधानी क्या है?
(A) तिंफु
(B) नैपिडॉव
(C) काठमांडू
(D) बीजिंग

24. महाजनपदा शब्द का क्या मतलब है?
(A) महान राजा
(B) महान राज्य
(C) महान काल
(D) महान शासक

25. किस युग में मानव ने कांसा बनाने के लिए तांबा और टिन मिलाना सीखा?
(A) पुरापाषाण युग
(B) कांस्य युग
(C) नवपाषाण युग
(D) पाषाण युग

26. पूर्व में एक पर्वत-श्रृंखला भारत को किस से अलग करती है?
(A) नेपाल
(B) चीन
(C) म्यानमार
(D) पाकिस्तान

27. हाल ही में पहचान की गई THSD7A जीन मुख्य रूप से किसके लिए जिम्मेदार है?
(A) गंजापन
(B) मोटापा
(C) कैंसर
(D) दृष्टिहीनता

28. निम्नलिखित में से कौन से ग्रह पर पानी की मौजूदगी की दृढ़तापूर्वक पुष्टि की गई थी?
(A) प्लूटो ग्रह
(B) मंगल ग्रह
(C) वरूण ग्रह
(D) बुध ग्रह

29. GNH का भूटान के संदर्भ में क्या अर्थ होता है?
(A) ग्रॉस नेशनल हैपीनेस
(B) जनरल नेशनल हैपीनेस
(C) ग्रीन नेशनल हैपीनेस
(D) ग़ॉडली नेशनल हैपीनेस

30. झारखंड के किस शहर को "झरनों का शहर" कहा जाता है?
(A) धनबाद
(B) बोकारो
(C) रांची
(D) पलामू



Teachingninja.in

31. मई 2009 में नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में कौन चुने गए थे?

(A) झलनाथ खनाल

(B) माधव कुमार नेपाल

(C) गिरिजा प्रसाद कोइराला

(D) बाबूराम भट्टाराई

32. भूटान के राष्ट्रीय ध्वज पर कौन सा पशु देखा जा सकता है?

(A) डाइनोसॉर

(B) ड्रैगन

(C) घोड़ा

(D) कंगारू

33. देश का पहला स्वदेशी इस्पात संयंत्र के रूप में बताया गया इस्पात संयंत्र कहाँ स्थित है?

(A) रांची

(B) बोकारो

(C) धनबाद

(D) पलामू

34. अक्टूबर 2015 में भारत में पहला कार फ्री डे कहाँ मनाया गया था?

(A) पंजाब

(B) कोलकाता

(C) दिल्ली

(D) चण्डीगढ़

35. $(a + b)^{-1} (a^{-1} + b^{-1})$ का मान ज्ञात कीजिए।

(A) ab

(B) 1/ab

(C) a + b

(D) 1/(a+b)

36. 3:4:5 के अनुपात में एक वृत्त को तीन भागों में बाँटा गया है। विभाजन बिंदुओं से बने त्रिकोण के कोण ज्ञात कीजिए।

(A) 30°, 75°, 75°

(B) 55°, 50°, 75°

(C) 60°, 60°, 60°

(D) 45°, 60°, 75°

37. यदि 128 वर्गमीटर क्षेत्रफल के फर्श को कवर करने के लिए समान आकार के 50 वर्गाकार पत्थर के स्लैब्स आवश्यक हैं तो, वर्गाकार पत्थर के स्लैब्स की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

(A) 180 सेमी

(B) 120 सेमी

(C) 150 सेमी

(D) 160 सेमी

38. कितने शून्य के साथ समाप्त होने वाली संख्या कभी भी एक पूर्ण वर्ग नहीं है?

(A) 4

(B) 6

(C) 2

(D) 5

39. ABC एक वृत्त में बनाया गया एक समद्विबाहु त्रिकोण है। यदि AB = AC = 25 सेमी और BC = 14 सेमी है तो, वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

(A) 576 / 24

(B) 288

(C) 625 / 48

(D) 625



Teachingninja.in

40. दुकानदार द्वारा अंकित मूल्य पर प्रदत्त कटौती को क्या कहते है?

(A) कमीशन

(B) लाभ

(C) छूट

(D) हानि

41. यदि m और n पूर्ण संख्याएं हैं और इस प्रकार $m^n$ = 144 तो, $(m-2)^{(n+1)}$ का मान क्या है?

(A) 1

(B) 10

(C) 100

(D) 1000

42. एक शहर में 70% लोग मछली खाते हैं और 40% लोग मुर्गी खाते हैं। यदि 25% लोग मुर्गी और मछली दोनों खाते हैं तो, उन लोगों की प्रतिशत क्या है जो न तो मुर्गी खाते हैं और न ही मछली खाते हैं?

(A) 45%

(B) 30%

(C) 5%

(D) 15%

43. एक आवासिक कालोनी की जनसंख्या 4050 है और प्रतिदिन प्रति व्यक्ति को 80 लीटर पानी की आवश्यकता है। जल संचयन के भाग के रूप में वर्षा के जल को एकत्र करने के लिए कालोनी में 48 मीटर × 27 मीटर × 25 मीटर आकार का एक जलाशय है। यदि वर्षा के दौरान पानी का स्तर 5 मीटर है तो, इस टैंक का पानी कितने दिन के लिए पर्याप्त होगा?

(A) 50 दिन

(B) 20 दिन

(C) 15 दिन

(D) 30 दिन

44. 40 सेमी व्यास का एक बेलनाकार टैंक पानी से भरा हुआ है। यदि इसमें से 11 लीटर पानी निकाल लिया जाता है तो, टैंक में पानी का स्तर कितना कम हो जाएगा?

(A) 35/4 सेमी

(B) 28/11 सेमी

(C) 20/11 सेमी

(D) 22/7 सेमी

45. समीकरण को हल कीजिए: (x + 1)(2x + 1) = (x + 3)(2x + 3) - 14, x =

(A) 3

(B) 5

(C) 1

(D) 2

46. यदि समान आयतन के दो गोलाकार सिलेंडरों के त्रिज्यों का अनुपात √2:1 है तो, उनकी ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा?

(A) 2:1

(B) 1:3

(C) 1:2

(D) 1:1

47. x के लिए हल कीजिए: $(\sqrt{2})^{x+5} = (\sqrt{2})^{2x+5}$

(A) 0

(B) 5

(C) 5/2

(D) 2/5

48. वह सबसे छोटी छह अंकीय संख्या क्या है जो कि एक पूर्ण वर्ग है?

(A) 100000

(B) 100489

(C) 101124

(D) 100056



Teachingninja.in

49. पहले टैंक में पानी का आयतन दूसरे से दो गुना है। यदि हम पहले टैंक से 30 लीटर पानी निकाल लेते हैं और इसे दूसरे टैंक में मिला देते हैं तो, दोनों टैंकों में पानी का आयतन समान हो जाता है। प्रत्येक टैंक में पानी का आयतन ज्ञात कीजिए।

(A) 100, 50

(B) 120, 60

(C) 80, 40

(D) 60, 30

50. 10 मीटर की साइड वाले एक वर्ग के आकार के कमरे में रू. 50 प्रति वर्ग मीटर की दर से फ्लोरिंग करवाने की लागत ज्ञात कीजिए।

(A) रू. 5,000

(B) रू. 2,500

(C) रू. 2,000

(D) रू. 1,000

51. अनुपस्थित संख्या को ज्ञात कीजिए।

_______, 73, _______, 62, 58, 55, 53

(A) 80, 67

(B) 80, 66

(C) 78, 65

(D) 76, 63

52. दो संख्याओं का योग 180 है। यदि एक दूसरी से 30 अधिक है तो, संख्याएं क्या हैं?

(A) 75, 105

(B) 70, 110

(C) 60, 120

(D) 80, 100

53. एक कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से 8 गुनी है। निम्नलिखित में से कौन सी संख्या कक्षा में छात्रों की कुल संख्या को दर्शाती है?

(A) 64

(B) 72

(C) 40

(D) 49

54. अनुपस्थित संख्या को ज्ञात कीजिए।

24 : 64 :: 39 : _______

(A) 256

(B) 225

(C) 196

(D) 169

55. एक शिक्षक अधिकतम 5000 छात्रों को पंक्तियों और कॉलम में व्यवस्थित करना चाहता है। यदि पंक्तियों और कॉलम की संख्या समान है तो, बचे हुए छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) 77

(B) 71

(C) 100

(D) 21

56. यदि $8^{a+1} = 16^{b+2}$ और $(1/2)^{3+a} = (1/4)^{3b}$ है तो, a और b का मान क्या होगा?

(A) a = 3, b = 1

(B) a = 1, b = 3

(C) a = 5/7, b = 8/21

(D) a = 6, b = 4



Teachingninja.in

57. एक वृत्त में बनाए गए एक त्रिकोण के दो कोण 60° और 70° हैं। वृत्त के केंद्र में तीन वृत्तखण्ड द्वारा सबटेंड किया गया कोण का पता लगाएं।

(A) 120°, 140°, 100°

(B) 60°, 70°, 50°

(C) 120°, 120°, 120°

(D) 120°, 130°, 110°

58. दो अंकीय संख्या के दहाई के स्थान पर का अंक इकाई के स्थान के अंक से 4 अधिक है। यदि इकाई के स्थान पर का अंक x है तो, संख्या क्या होगी?

(A) 10x + 40

(B) 40x + 4

(C) 11x + 40

(D) 11x - 40

59. उस आयत की लम्बाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल $x^2 + 5x + 6$ है।

(A) (x + 1), (x + 6)

(B) (x - 2), (x - 3)

(C) (x + 2), (x + 3)

(D) (x + 1), (x - 6)

60. श्रृंखला को पूरा करें।

3, 5, 9, 15, 23, ?

(A) 32

(B) 33

(C) 34

(D) 36

61. दो बॉक्स में बॉल हैं। पहले बॉक्स में दूसरे बॉक्स की बॉल्स की संख्या का 1/3वाँ भाग अधिक है। यदि दूसरे बॉक्स में बॉल की संख्या पहले बॉक्स में बॉल्स की संख्या से 4 कम है तो, पहले बॉक्स में बॉल्स की संख्या कितनी है?

(A) 10

(B) 12

(C) 16

(D) 9

62. एक जीवा की लम्बाई की गणना कीजिए जो 20 सेमी व्यास के एक वृत्त के केंद्र से 6 सेमी की दूरी पर है।

(A) 8 सेमी

(B) 16 सेमी

(C) 24 सेमी

(D) 4 सेमी

63. अनुपस्थित संख्या को ज्ञात कीजिए।

4, 5, 11, _______, 137, 686, …

(A) 27

(B) 34

(C) 33

(D) 68

64. साइकिलों की बिक्री पर एक एजेंट को 12% की दर से रू. 1,512 का भुगतान कमीशन के रूप में किया गया। प्रत्येक साइकिल का बिक्री मूल्य रू. 1,050 था। एजेंट द्वारा बेची गई साइकिलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) 14

(B) 12

(C) 15

(D) 10



Teachingninja.in

65. एक समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल 392 वर्गमीटर है और इसकी ऊँचाई तद्नुरूपी आधार से दोगुनी है। इसके आधार का माप ज्ञात कीजिए।

(A) 31 मीटर

(B) 13 मीटर

(C) 14 मीटर

(D) 41 मीटर

66. $a^3 - b^3 =$

(A) $(a-b)(a^2+b^2-ab)$

(B) $(a-b)(a^2+b^2+ab)$

(C) $(a+b)(a^2+b^2+ab)$

(D) $(a+b)(a^2+b^2-ab)$

67. एक दुकानदार 40% छूट की घोषणा करता है। यदि एक वस्तु का अंकित मूल्य रू. 700 है तो, उसका बिक्री मूल्य क्या है?

(A) रू. 420

(B) रू. 588

(C) रू. 280

(D) रू. 400

68. यदि विसर्ग से पहले अ या आ हो तथा विसर्ग के बाद अ या आ को छोड़कर कोई अन्य स्वर हो तो विसर्ग का क्या हो जाता है?

(A) व्यंजन

(B) लोप

(C) योग

(D) विकार

69. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द ईकारांत होते हुए भी स्त्रीलिंग नहीं है ?

(A) नदी

(B) दही

(C) लड़की

(D) देवी

70. निम्नलिखित में से मालिक का स्त्रीलिंग क्या है ?

(A) मालकिन

(B) मालिन

(C) मालिकिन

(D) इनमें से कोई नहीं

71. आयुष का बड़ा भाई चलचित्र देख रहा है- किस वाक्य का उदाहरण है?

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) संज्ञा उपवाक्य

72. "श्रीगणेश करना" - इसका क्या अर्थ है?

(A) पूजा करना

(B) गणेश पूजा करना

(C) प्रारंभ करना

(D) पढ़ाई प्रारंभ करना

73. क्या विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाई जा सकती है?

(A) हां

(B) नहीं

(C) संभवत:

(D) कोई नहीं

74. जिस समास का कोई भी पद प्रधान नहीं होता, बल्कि अन्य पद प्रधान होता है उसे क्या कहते हैं?

(A) बहुव्रीहि समास

(B) प्रथम पद समास

(C) मध्यमपदलोपी समास

(D) द्वंद्व समास



Teachingninja.in

75. गुणवाचक विशेषण किसी भी वस्तु या प्राणी का क्या बताता है?
(A) केवल दोष
(B) मात्रा, परिमाण, संख्या आदि
(C) संख्या और सर्वनाम
(D) गुण, दोष, आकार, अवस्था आदि

76. "चरण-कमल बन्दौं हरिराई"- इसमें चरण-कमल में कौन सा अलंकार है?
(A) उत्प्रेक्षा अलंकार
(B) रुपक अलंकार
(C) उपमा अलंकार
(D) यमक अलंकार

77. शब्द और अर्थ की दृष्टि से अलंकार के कितने भेद हैं?
(A) दो
(B) चार
(C) एक
(D) पांच

78. नौजवान बेटे के मरते ही बूढ़े बाप पर ______ गिर पड़ा
(A) पत्थर
(B) छत
(C) पहाड़
(D) पुलिस

79. "बहुत भूख लगना" - दिए गए अर्थ के लिए ठीक मुहावरा चुनिए
(A) मुंह में पानी आना
(B) पेट में भूचाल आना
(C) छठी का दूध याद आना
(D) पेट में चूहे दौड़ना

80. क्रिया के जिस रूप से उसके समय का पता चले उसे क्या कहते हैं ?
(A) काल
(B) धातु
(C) कर्म
(D) प्रेरणा

81. "काली घटा का घमंड घटा" में कौन सा अलंकार है?
(A) अनुप्रास
(B) यमक
(C) श्लेष
(D) उपमा

82. सामासिक पद को अलग करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(A) समास विग्रह
(B) समास विच्छेद
(C) समास योजना
(D) समास परिहार

83. भाव वाच्य में क्रिया सदैव क्या होती है?
(A) बहुवचन, प्रथम पुरुष, स्त्रीलिंग
(B) द्विवचन, अन्य पुरुष, पुल्लिंग
(C) एकवचन, अन्य पुरुष, पुल्लिंग
(D) एकवचन, अन्य पुरुष, स्त्रीलिंग

84. निम्नलिखित में से कौन सा असुर शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
(A) दनुज
(B) दानव
(C) मनुजाद
(D) अमर



Teachingninja.in

85. अनाथ बच्चे मां की ममता पाने के लिए तरस रहे थे- वाक्य में कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?

(A) अनाथ

(B) ममता

(C) मां

(D) बच्चे

86. निम्नलिखित में से कौन सा अचला शब्द का पर्यायवाची नहीं है ?

(A) पृथ्वी

(B) धरा

(C) भूमि

(D) व्योम

87. सार्वनामिक विशेषण किस शब्द के पहले लगता है ?

(A) सर्वनाम

(B) विशेषण

(C) संज्ञा

(D) क्रिया

88. वाच्य के कितने भेद हैं?

(A) तीन

(B) पांच

(C) एक

(D) चार

89. सन्धि के कितने प्रकार होते हैं?

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पांच

90. पल्लव शब्द से कौन सा विशेषण शब्द निर्मित होगा?

(A) पल्लवित

(B) फलित

(C) पुष्पित

(D) पल्लव

91. प्रति + एक के मेल से क्या बनेगा?

(A) प्रत्येक

(B) प्रतिएक

(C) प्रतेक

(D) प्रतीक

92. योजक चिन्ह किस समास के विग्रह प्रक्रिया में प्रयुक्त होता है?

(A) नञ् समास

(B) द्वंद्व समास

(C) द्विगु समास

(D) अव्ययीभाव समास

93. निम्नलिखित में से उत्तमपुरुष सर्वनाम कौन सा है ?

(A) मैं

(B) तुम

(C) वह

(D) आप

94. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शरीर का पर्यायवाची है?

(A) काया

(B) मुख

(C) अंग

(D) मन



Teachingninja.in

95. मैंने उसे पढ़ाया और नौकरी दिलाई- प्रस्तुत वाक्य किस वाक्यभेद का उदाहरण है?

(A) सरल

(B) संयुक्त

(C) आज्ञावाचक

(D) मिश्रित

96. अनुज ने देखा कि मोर नाच रहा है- प्रस्तुत वाक्य में मोर नाच रहा है कौन सा आश्रित उपवाक्य है?

(A) विशेषण उपवाक्य

(B) क्रिया उपवाक्य

(C) संज्ञा उपवाक्य

(D) क्रिया विशेषण उपवाक्य

97. मैं स्वंय चला जाउंगा- वाक्य में स्वयं निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम

(B) निजवाचक सर्वनाम

(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(D) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

98. निम्नलिखित में से किसके लिए एकवचन का प्रयोग भी बहुवचन में होता है?

(A) स्त्रियों के लिए

(B) आदरणीय के लिए

(C) वस्तुओं के लिए

(D) पक्षियों के लिए

99. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(A) उत्साह

(B) मृत्यु

(C) चक्रव्यूह

(D) संकल्प

100. ऋतु शब्द का बहुवचन इनमें से क्या होगा ?

(A) ऋतुएँ

(B) ऋतुऐ

(C) ऋतुएं

(D) ऋतु

Space for Rough Work:



Teachingninja.in

Space for Rough Work:



Teachingninja.in

Space for Rough Work:



Teachingninja.in

Teachingninja.in